भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
राज्यसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1546
10 दिसंबर, 2021 को उत्तर देने के लिए

भारतीय खाद्य उद्योग का विकास

1546. डा. एल. हनुमंतय्या:
श्री नीरज डांगी:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय खाद्य उद्योग द्वारा किए गए कुल निर्यात और विकास दर का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उनके कुल कारबार का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य आधारित उद्योगों ने विश्व खाद्य कार्यक्रम 2019 में भाग लिया था, तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क): वर्ष 2014-15 में कुल कृषि-खाद्य निर्यात 36.18 अरब यूएस डॉलर से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 38.32 अरब यूएस डॉलर हो गया है जो 0.96 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर पर है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में जोड़ा गया सकल मूल्य वर्ष 2014-15 में 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 2.24 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 10.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर पर है।

(ख) उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (2018-19) के माध्यम से सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के खाद्य उत्पादों और पेय पदार्थों के विनिर्माण के कुल उत्पादन का राज्यवार ब्यौरा निम्न तालिका में दर्शाया गया है । उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण में टर्नओवर के आंकड़े नहीं दर्शाए गए हैं।

खाद्य उत्पादों और पेय पदार्थों के विनिर्माण उत्पादन का उत्पादन (करोड़ रुपये में)				
क्र. सं.	**राज्य / केंद्र शासित प्रदेश**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	9.27	13.16	16.03
2	आंध्र प्रदेश	77373.79	87265.90	96068.39
3	अरुणाचल प्रदेश	15256.80	280.10	295.12
4	असम	285.85	15605.93	16494.10
5	बिहार	12739.40	15150.12	18067.90
6	चंडीगढ़	332.89	326.87	561.11
7	छत्तीसगढ़	14616.74	14317.56	18008.03

8	दादरा और नगर हवेली	48.78	185.18	80.78
9	दमन और दीव	1204.92	1264.98	1572.23
10	दिल्ली	35690.16	19992.30	19243.36
11	गोवा	3139.04	3203.57	3679.79
12	गुजरात	136474.67	128483.24	140898.69
13	हरियाणा	56411.20	55415.23	88761.59
14	हिमाचल प्रदेश	7614.17	6327.49	5864.56
15	जम्मू और कश्मीर	3724.14	7078.98	5703.57
16	झारखंड	3639.85	4624.99	4719.45
17	कर्नाटक	84625.41	94574.48	93517.96
18	केरल	31061.91	38591.62	33941.19
19	मध्य प्रदेश	45391.53	68933.31	68492.00
20	महाराष्ट्र	126925.14	161807.09	185566.71
21	मणिपुर	59.36	104.23	129.30
22	मेघालय	414.02	524.41	564.09
23	नागालैंड	88.12	108.53	114.30
24	उड़ीसा	10335.59	11107.29	14436.68
25	पुदुचेरी	2319.29	3117.54	3051.87
26	पंजाब	46742.97	48609.68	47760.07
27	राजस्थान	46921.27	48570.75	48810.65
28	सिक्किम	653.41	662.72	1102.98
29	तमिलनाडु	92550.15	100515.63	90747.80
30	तेलंगाना	28760.95	34167.95	41542.07
31	त्रिपुरा	486.07	486.71	617.66
32	उत्तर प्रदेश	129655.68	130139.44	142587.01
33	उत्तराखंड	11802.27	16658.68	15014.53
34	पश्चिम बंगाल	67627.24	68280.81	68956.32
अखिल भारत		**1094982.05**	**1186496.47**	**1276987.89**
स्रोत: उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण 2016-17, 2017-18, और 2018-19				

(ग) और (घ): 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2019' का आयोजन नहीं किया गया था।

****